मुख्य अभियंता का कार्यालय,
(योजना+अनुश्रवण+भूगर्भ)
लघु जल संसाधन विभाग,
जल भवन, तृतीय तल्ला, राईडिंग रोड शेखपुरा, पटना–14
ईमेल– ce.pmg-bih@gov.in दूरभाष– 0612–2215035

संचिका सं0:–ल0ज0सं0(पी0एम0जी0)– डिवार/कालीकृत–01/2023– /पटना, दिनांकः–

## आदेश -(05)

विभागीय पत्रांक–6709 दिनांक–16.12.2022, पत्रांक–360 दिनांक–19.01.2023 द्वारा अपर मुख्य सचिव के अध्यक्षता में विभागीय निविदा समिति द्वारा दिनांक–08.11.2022 को लिये गये निर्णय के आलोक में संवेदक के विरूद्ध नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश के क्रम में कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, नालंदा के पत्रांक–408 दिनांक–31.01.2023, अधीक्षण अभियंता, लघु सिंचाई अंचल, पटना के पत्रांक–265 दिनांक–02.02.2023 एवं मुख्य अभियंता, लघु जल संसाधन विभाग, पटना के पत्रांक–368 दिनांक–03.02.2023 द्वारा मेसर्स गणपति कंस्ट्रैक्शन, प्रो0–श्री अजीत कुमार, ग्राम–निजाय, पोस्ट–सोनसा, जिला–नालंदा निबंधन संख्या–122/2019 श्रेणी–02 लघु जल संसाधन विभाग वैधता अवधी दिनांक–04.09.2019 से 03.09.2024 को निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–02/2021–22 के ग्रुप सं0–10 (धनुकी कोटरा जहाँगीरपुर आहर पईन का जिर्णोद्धार कार्य) में डाले गये डोजर मशीन का इनवॉइस (क्रय कागजात) फर्जी कागजात के साथ निविदा में भाग लेने का आरोप प्रतिवेदित करते हुए इन्हें कालीकृत करने की अनुशंसा की गई है।

उक्त के क्रम में इस कार्यालय के पत्रांक–36 दिनांक–04.02.2023 द्वारा संवेदक से स्पष्टीकरण की गयी जो संवेदक को 15.02.2023 के अपराहन में प्राप्त हो चुका है, परन्तु इस संबंध में स्पष्टीकरण का जबाव अब तक अप्राप्त है।

अतः उक्त के आलोक में विषय की महत्ता के मदेनजर कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, नालंदा/अधीक्षण अभियंता, लघु सिंचाई अंचल, पटना एवं मुख्य अभियंता, लघु जल संसाधन विभाग, पटना द्वारा उपलब्ध कराये गये अभिलेखों में वर्णित तथ्यों के आधार पर प्राप्त प्रस्ताव एवं अनुशंसा के आलोक में संवेदक मेसर्स गणपति कंस्ट्रैक्शन, प्रो0–श्री अजीत कुमार, ग्राम–निजाय, पोस्ट–सोनसा, जिला–नालंदा निबंधन संख्या–122/2019 श्रेणी–02 को बिहार ठेकेदारी निबंधन नियमावली–2007 के नियम –11 (क) (ix) में निहित शर्तो एवं प्रावधानों के आलोक में अगले 10 (दस) वर्षो के लिए कालीकृत किया जाता है।

ह0/–
प्रभारी मुख्य अभियंता
(योजना+अनुश्रवण+भूगर्भ),
लघु जल संसाधन विभाग, पटना।

पत्रांकः– /पटना, दिनांकः–

प्रतिलिपि– मेसर्स गणपति कंस्ट्रैक्शन, प्रो0–श्री अजीत कुमार, ग्राम–निजाय, पोस्ट–सोनसा, जिला–नालंदा, पिन कोड–803119, निबंधन संख्या– ल0ज0सं0वि0–122/2019 श्रेणी–02 को सूचनार्थ प्रेषित।

ह0/–
प्रभारी मुख्य अभियंता
(योजना+अनुश्रवण+भूगर्भ),
लघु जल संसाधन विभाग, पटना।

E:\New folder-2023\71.docx

पत्रांकः–                                                  /पटना, दिनांकः–

प्रतिलिपि– सभी प्रधान सचिव, कार्य विभाग, बिहार, पटना/सचिव, जल संसाधन विभाग/पथ निर्माण भवन/भवन निर्माण विभाग/ग्रामीण कार्य विभाग/सभी मुख्य अभियंता, लघु जल संसाधन विभाग/सभी अधीक्षण अभियंता, लघु सिंचाई अंचल/सभी कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल/अपर मुख्य सचिव के आप्त सचिव, लघु जल संसाधन विभाग, पटना को सूचनार्थ समर्पित।

ह0/–
प्रभारी मुख्य अभियंता
(योजना+अनुश्रवण+भूगर्भ),
लघु जल संसाधन विभाग, पटना।

पत्रांकः– 157                                                  /पटना, दिनांकः– 01/03/2023

प्रतिलिपि– आई0टी0मैनेजर, लघु जल संसाधन विभाग, पटना को सूचनार्थ एवं विभागीय बेवसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

01/03/2023
प्रभारी मुख्य अभियंता
(योजना+अनुश्रवण+भूगर्भ),
लघु जल संसाधन विभाग, पटना।
01/03/23

E:\New folder-2023\71.docx